दिनांक : 02.10.2024 समय : 07.10pm

आकाशवाणी भोपाल

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेश के लिए 435 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का भूमिपूजन, लोकार्पण किया
- मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा, प्रदेश में खेलों के लिए हरसंभव प्रोत्साहन दिया जाएगा
- सर्व पितृ अमावस्या के साथ श्राद्ध पक्ष का समापन हुआ, कल से नवरात्रि की धूम
- उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत समारोह मैहर में सात अक्टूबर से

पीएम – स्वच्छता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से आग्रह किया कि वे स्वच्छता को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के प्रण लें। स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आज नई दिल्ली में स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा के केवल 15 दिनों में देश में 27 लाख से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें 28 करोड़ से अधिक लोगों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें महात्मा गांधी और देश की अन्य महान हस्तियों के सपनों के भारत को सच्चाई में बदलने के लिए प्रेरित करता है। प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से 'स्वच्छ भारत मिशन' एवं 'अमृत' योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश के लिये 435 करोड़ रुपये की लोक कल्याणकारी परियोजनाओं का भूमिपूजन और लोकार्पण किया।

स्वच्छता दिवस समारोह

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के इतिहास से जुड़ी महान विभूतियों के नाम पर भोपाल के मार्गों पर द्वार स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने स्वच्छता पखवाड़े के समापन कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन और अमृत योजना के अंतर्गत 250 करोड़ रुपये की लागत की 19 परियोजनाओं का भूमि–पूजन और भोपाल नगर निगम के उपकरणों तथा विभिन्न विकास कार्यों को लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने स्वच्छता ही सेवा–2024 अभियान अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिक व संस्थाओं को सम्मानित किया। स्वच्छता सर्वेक्षण–2022 में नगर निगम उज्जैन को थ्री–स्टार रेटिंग मिलने पर उज्जैन के 2 हजार 115 सफाई मित्रों को प्रोत्साहन स्वरूप 3–3 हजार रुपये की राशि प्रदान करने के लिए 63 लाख 45 हजार रुपये की राशि सिंगल क्लिक से नगर निगम उज्जैन को अंतरित की।

जयंती

प्रदेश में आज महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर दोनों महापुरुषों नेताओं को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने राजभवन में दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर माल्यार्पण कर नमन किया।

मुख्यमंत्री खेल

मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में ओलंपिक और पैरालंपिक 2024 के पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान किया। उन्होंने खेलों के विकास के लिए हरसंभव प्रोत्साहन देने पर जोर देते हुए कहा कि हमारे खिलाड़ियों ने भारतीय हॉकी का गौरव फिर से स्थापित किया है।

स्वच्छता प्रदेश

प्रदेश भर में आज गांधी जयंती पर स्वच्छता ही सेवा अभियान का समापन हुआ। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के समापन दिवस एवं गाँधी जयंती पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नईदिल्ली के विज्ञान भवन से ग्वालियर की आदर्श गौशाला लाल टिपारा के बायो सीएनजी प्लांट का वर्चुअल शुभारंभ किया। ग्वालियर में लाल टिपारा गौशाला में आयोजित हुए बायो सीएनजी प्लांट के शुभारंभ कार्यक्रम में केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर और मंत्री मौजूद थे। इस अवसर पर

ग्वालियर के सफाई मित्रों एवं स्वच्छता चैम्पियन को सम्मानित किया गया। शिवपुरी में नगर पालिका ने अभियान चला कर यहां साफ सफाई की और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। सागर के लिए सीवरेज लाइन का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर साक्षरता मित्रों को शाल श्रीफल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया बैतूल, में स्वच्छता, नशा मुक्ति एवं गांधी जी के भजनों की प्रस्तुति दी गई। देवास जिले में नशामुक्ति रैलियां शामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए सामूहिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए।

आगरमालवा जिले में स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर अधिकारी, कर्मचारी, सफाईकर्मी, समाजसेवी,छात्र–छात्राओं तथा जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय कार्यालयों को सम्मानित किया गया। सीआईएसफ यूनिट खजुराहो में स्वच्छता से संबंधित बापू के विचारों के संदर्भ में जानकारी दी गई साथ ही स्वच्छता से संबंधित कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रायसेन में मद्य निषेध सप्ताह के तहत वाहन रैली निकाली गई। कलेक्टर द्वारा सभी को नशीले पदार्थों का सेवन नहीं करने का संकल्प दिलाया गया। नीमच जिले में स्वच्छता पखवाडे के समापन पर 40 सफाई मित्रों को सम्मानित किया।

अमावस्या

सर्व पित्र अमावस्या के साथ आज श्राद्ध पक्ष का समापन हो गया; वहीं कल से नवरात्रि की शुरुआत हो रही है जिसकी तैयारियां कर ली गई हैं। देवास जिले में अमावस्या पर नर्मदा, क्षिप्रा आदि नदियों पर पर्व स्नान के लिये बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुँचे। जिले के नेमावर में नर्मदा के अलावा धाराजी, क्षिप्रा में भी बड़ी संख्या में लोगो ने डुबकी लगाई। नर्मदापुरम में नर्मदा के घाटों पर दिन भर श्रद्धालुओं ने स्नान कर पूर्वजों की स्मृति में तर्पण किया। आगरमालवा जिले में सर्वपितृ मौक्ष अमावस्या पर पूर्वजों की आत्म शांति हेतु आज अनेक घरों में तर्पण के साथ–साथ ही धूप–ध्यान, ब्रह्म भोज, कौआ, गाय, कुत्ते व गरीबों को दान–पुण्य किया गया। मैहर जिले की मां शारदा नगरी मैहर में कल से प्रारंभ हो रहे नवरात्रि मेले में देश के कोने कोने से श्रद्धालु और तीर्थ यात्री दर्शन करने पहुंच रहे हैं। मेला क्षेत्र की निगरानी के लिए पुलिस और मंदिर समिति के 112 सीसीटीवी कैमरा से निगरानी की जाएगी तो वहीं दो ड्रोन कैमरे भी उड़ाई जाएंगे। आगरमालवा जिले के नलखेड़ा स्थित पीताम्बरा सिद्ध पीठ माँ बगलामुखी मंदिर 1000 किलोग्राम चांदी व 10 किलोग्राम सोने से मंदिर की नक्काषी की जा रही है। प्रथम चरण में देवीजी मंदिर के गर्भगृह में सोने व चांदी से किये गये कार्य का क्षैत्रिय सांसद रोडमल नागर व पंडितों ने कल अनावरण किया। पूरे कार्य में 25 करोड़ की राषि खर्च होगी।

अलाउद्दीन समारोह

मैहर में प्रति वर्ष होने वाला उस्ताद अलाउद्दीन खां समारोह का 50वां आयोजन 7 से 10 अक्टूबर तक किया जाएगा। पहले दिन 7 अक्टूबर को पूर्वरंग कार्यक्रम के तहत स्थानीय और क्षेत्रीय कलाकारों की शास्त्रीय गायन, वादन और नृत्य की प्रस्तुतियां होगी। 8 अक्टूबर की संगीत सभा में अन्य कार्यक्रमों के साथ ही नवनिका घोष गुरुग्राम का कत्थक समूह, इंद्राबुध मजुमदार कोलकाता का सरोद वादन और पं. साजन मिश्रा एवं स्वरांश मिश्रा के युगल गायन की प्रस्तुतियां होगी। 9 अक्टूबर को विदुषी सविता भट्टाचार्य कोलकाता के ओडिसी समूह की प्रस्तुति, पंडित अभय रुस्तम सोपोरी दिल्ली का संतूर और पंडित उदय कुमार मलिक दिल्ली के गायन की प्रस्तुतियां होगी। इसी प्रकार 10 अक्टूबर को समारोह की समापन संध्या में रोजलीन सुन्दराय की नृत्य नाटिका, विदुषी कस्तूरी पटनायक दिल्ली का ओडिसी समूह, संजुक्ता दास कोलकाता का गायन, पंडित शशांक सुब्रमणियम चेन्नई के बांसुरी वादन की प्रस्तुतियां दी जाएगी।

कुछ समाचार संक्षेप में .....

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिले उपहारों की ई–नीलामी की तारीख 31 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है। वर्ष की छठी नीलामी है। सरकार ने लोगों से ई–नीलामी में भाग लेने का आग्रह किया है क्योंकि इससे नमामि गंगे फंड में योगदान देकर एक नेक उद्देश्य पूरा होगा।